भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2503
10 दिसम्बर, 2024 को उत्तर के लिए

इस्पात प्रसंस्करण इकाई की स्थापना

2503. श्री आनंद भदौरिया:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने ग्रामीण क्षेत्रों में इस्पात उपलब्ध कराने हेतु उत्तर प्रदेश के लखीमपुर जिले के बेहजम गांव में इस्पात प्रसंस्करण इकाई लगाने की घोषणा की थी और माननीय मंत्री जी ने उसकी आधारशिला रखी थी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार अब तक लंबित पड़ी इस्पात प्रसंस्करण इकाई के कार्य को पूरा करेगी; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है? और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री एच.डी. कुमारास्वामी)**

(क) और (ख): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया के इस्पात प्रसंस्करण इकाई (एसपीयू) की आधारशिला उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी के बेहजम गांव में दिनांक 16.02.2009 को केन्द्रीय इस्पात मंत्री द्वारा रखी गई थी। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इस्पात प्रसंस्करण इकाई की स्थापना के लिए एक संयुक्त उद्यम में वर्ष 2012 में प्रवेश किया।

(ग) और (घ): एक अध्ययन के आधार पर, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश स्थित इस्पात प्रसंस्करण इकाई को अव्यवहार्य पाया और वर्ष 2020 में संयुक्त उद्यम से बाहर निकलने का निर्णय लिया।

****